24 न्यूज अपडेट
ई-न्यूज
WebSite.: https://24newsupdate.in
उदयपुर, रविवार 10 मार्च 2024
Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com
वर्ष 1 अंक 7


# 2 पूर्व मंत्रियों, विधायकों सहित आधा दर्जन से अधिक नेताओं ने थामा भाजपा का दामन

## - मुख्यमंत्री शर्मा ने गहलोत को चुनौती देते हुए कहा- उनके किए वादे निकलवा रहा हूं
## - जयपुर में 25 दिग्गजों की भाजपा में एंट्री, नेता, बॉडी बिल्डर, ब्यूरोक्रेट भी शामिल







**24 न्यूज अपडेट.उदयपुर**
desk24newsupdate@gmail.com

जयपुर। आज जयपुर में कांग्रेस छोडो दिवस और भाजपा ज्वाइनिंग दिवस ने राजनीति में भूचाल ला दिया। भाजपा में 25 लोगों की एंट्री हुई है। नेताओं सहित बॉडी बिल्डर और रिटायर्ड ब्यूरोक्रेट भी इस लिस्ट में शामिल हैं। लोकसभा चुनावों से पहले राजस्थान कांग्रेस भरभरा कर बिखरती दिख रही है। कई दिग्गज नेताओं ने रविवार को भाजपा जॉइन की व जमकर कांग्रेस पर प्रहार किया। प्रदेश भाजपा कार्यालय में हुए कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी की मौजूदगी में 2 पूर्व मंत्रियों सहित आधा दर्जन से अधिक नेता बीजेपी में शामिल हुए। गहलोत के करीबी और पूर्व कृषि मंत्री लालचंद कटारिया, पूर्व गृह राज्य मंत्री राजेंद्र यादव, नागौर के कद्दावर जाट नेता और पूर्व विधायक रिछपाल मिर्धा, विजयपाल मिर्धा भी शामिल हो गए हैं। पायलट के करीबी माने जाने वाले पूर्व सांसद खिलाड़ी लाल बैरवा भी इस लिस्ट में हैं। भाजपा में आज 25 लोग शामिल हुए हैं। इनमें रिटायर्ड ब्यूरोक्रेट्स भी हैं। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि उनकी सरकार हर 6 महीने में जनता को अपने काम का जवाब देगी। उन्होंने अशोक गहलोत को चुनौती देते हुए कहा कि वे बताएं उन्होंने कितने वादे पूरे किए। सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा जिन्होंने आज पार्टी जॉइन की हैं। मैं उन सभी का स्वागत करता हूं। आप सभी के आने से पार्टी को गति मिलेगी। सीएम ने कहा कि 2014 से पहले जो पार्टी पंचायत से लेकर देश पर राज करती थी। जनता उन पर विश्वास करती थी, लेकिन ये लोग बार-बार जनता के बीच जाकर बार-बार जनता को धोखा देते थे। भजनलाल ने कहा कि प्रदेश की सरकार हर 6 महीने में जनता को अपने काम का हिसाब देगी। पीएम मोदी कहते हैं कि जनता को अपने काम का हिसाब दीजिए। इसी क्रम में हम हर 6 माह में जनता को अपने काम का हिसाब देंगे। सीएम ने कहा कि गहलोत सरकार के विधानसभा में किए वादों को भी निकलवा रहा हूं। मैं अशोक गहलोत को चुनौती देना चाहता हूं कि वे बताएं कि उन्होंने कितने वादे पूरे किए। हमने ईआरसीपी और यमुना समझौता किया है। मैं आलू से सोना निकालने की बात तो नहीं करता, लेकिन एक चीज कह सकता हूं कि पानी आने के बाद राजस्थान की धरती सोना उगलेगी।

### सोशल मीडिया पर खूब खिला हाथ-कमल



### मिर्धा के सुर बदले, कहा- कांग्रेस ने समाज के लिए कुछ नहीं किया

रिछपाल मिर्धा ने कहा कि कांग्रेस में पिछले दिनों से ढक्कन लग गया है। कांग्रेस ने हमारे समाज को आज तक कुछ नहीं दिया। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने 1999 में हमें आरक्षण दिया, हमें उनका आभार व्यक्त करना चाहिए। वहीं, देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसान और जाट के बेटे को उप राष्ट्रपति के पद पर बैठाया, यह बहुत बड़ा अहसान है हम पर। तीन गवर्नर भी हैं हमारी जात के। कांग्रेस ने हमें आज तक क्या दिया, यह आप ही बता दीजिए। अब कांग्रेस की भट्टी बुझ गई है। विधानसभा में भी हमारी बात दीया कुमारी से हुई थी, लेकिन हम तब बीजेपी जॉइन नहीं कर पाए। उन्होंने कहा कि अब कांग्रेस में कोई नेता ही नहीं बचा है।

### नेता नहीं कार्यकर्ता बनकर जॉइन की पार्टी- कटारिया

लालचंद कटारिया ने कहा कि बहुत दिनों से अंतरात्मा कचोट रही थी। आज अंतरात्मा की आवाज से नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीजेपी जॉइन कर रहे हैं। कटारिया ने कहा नेता बनकर नहीं आया, कार्यकर्ता बनकर पार्टी जॉइन की है। हर बूथ पर काम करेंगे और जो पार्टी कहेगी, वह काम करेंगे। आने वाले चुनाव में पूरी तत्परता के साथ पूरी मेहनत के साथ भारतीय जनता पार्टी के परिवार को आगे बढ़ाएंगे।

### मोदी के विजन को देखते हुए जॉइन की पार्टी- बैरवा

खिलाड़ीलाल बैरवा ने कहा कि पीएम मोदी के विजन को देखते हुए बीजेपी जॉइन की। मैं एससी आयोग का अध्यक्ष था। तब मैं डेढ़ साल तक लगातार सीएम गहलोत से कहता रहा कि आयोग को संवैधानिक दर्जा दे दीजिए। एससी की जनसंख्या मात्र 18 प्रतिशत है, लेकिन कांग्रेस एससी-एसटी को अपनी बपौती समझती है। गुलाम समझती है, लेकिन बीजेपी ने दलित को कानून मंत्री बनाया।

# तीन गांवों में रातभर दबिश देकर पकड़ी सेक्सटार्शन गैंग:


## ई-मित्र संचालक निकालता था ठगी की रकम, वॉट्सऐप पर चैट कर बनाते थे अश्लील वीडियो

**24 न्यूज अपडेट.उदयपुर**
desk24newsupdate@gmail.com

भरतपुर. डीग जिले में पुलिस ने ऑपरेशन एंटी वायरस के तहत सेक्सटॉर्शन की गैंग के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने 3 गांवों में रातभर दबिश दी और 18 ठगों को गिरफ्तार किया। आईजी राहुल प्रकाश ने बताया- पुलिस ने जो गैंग पकड़ी है, वह सेक्सटॉर्शन की गैंग है। आरोपी एक विशेष एप्लिकेशन से लोगों का वॉट्सऐप नंबर लेते हैं। उसके बाद आरोपी लोगों के प्रोफाइल के आधार पर ठगी की वारदात करते है। उन्होंने बताया कि आरोपियों से कार, बाइक, मोबाइल, फर्जी सिम, लेपटॉप, पासबुक सहित साइबर ठगी में इस्तेमाल होने वाले सामान को जब्त को किया है। साइबर ठगों के साथ ई-मित्र संचालक भी मिला था, जो ठगी की रकम को निकालकर साइबर ठगों को देता था।

### वॉट्सऐप नंबर से चेक करते लोगों की प्रोफाइल

आईजी राहुल प्रकाश ने बताया कि वॉट्सऐप नंबर चेक करने के बाद लोगों की प्रोफाइल चेक की जाती थी। इसके बाद आरोपी व्यक्ति को लगातार फोन करते हैं, जिसके बाद जो व्यक्ति इनके झांसे में आ जाता है। उससे चैट करते हुए उन्हें अश्लील वीडियो दिखाते हैं।



अश्लील वीडियो को देखते हुए व्यक्ति की फोटो और वीडियो को बनाते हैं। उसके बाद वह वीडियो व्यक्ति को भेजी जाती है और धमकी दी जाती है कि अगर उसने पैसे नहीं दिए तो वीडियो को सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया जाएगा।उसके बाद पुलिस के अधिकारी बनकर व्यक्ति को धमकाया जाता है और उससे पैसे ऐंठे जाते हैं।

### गैंग में ई-मित्र संचालक भी शामिल

गैंग में ई-मित्र संचालक भी शामिल है। वह मिनी ATM और स्वाइप मशीन से पैसे निकालकर ठगों को देता है। इस तरीके से बिना ATM पर जाए आरोपी साइबर ठगी के पैसे को निकाल लेते हैं। आज हुई कार्रवाई में 15 साइबर ठगों को गिरफ्तार किया गया है।

### 15 अपराधी और 3 बाल अपचारी गिरफ्त में

पुलिस ने पथराली, रायबका और हेवतका में दबिश दी थी। आरोपियों को पकड़ने के लिए पूरी रात कार्रवाई चली है। कार्रवाई में 15 अपराधी और 3 बाल अपचारी को पकड़ा गया है। आरोपियों से 61 ATM कार्ड, 9 मिनी ATM और स्वाइप मशीन, 33 मोबाईल, 6 कंप्यूटर और लेपटॉप, 4 कार और 3 बाइक जब्त की गईं हैं। ठगों के पास पासबुक, पासपोर्ट और फर्जी सिम भी बरामद की गईं हैं। पुलिस ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ कर गैंग के बाकी सदस्यों के बारे में पता किया जा रहा है। इसके अलावा बैंक के द्वारा जो ट्रांजेक्शन हो रहा है, उसमें बैंक के अधिकारियों से भी पूछताछ की जाएगी।

## संपादकीयः दलगत बाड़ेबंदी

स्वतंत्र लेखक

राज्यसभा के ताजा चुनाव में, खासकर उत्तर प्रदेश और हिमाचल प्रदेश में, जिस तरह विधायकों के दल की सीमा लांघ कर मतदान करने की खबरें आई, उससे एक बार फिर राजनेताओं की दलगत निष्ठा और दलबदल कानून की प्रासंगिकता पर सवाल गहरे हुए हैं। हालांकि इससे विपक्षी गठबंधन के भविष्य को लेकर भी अटकलचजियों को बल मिला है। बताया जा रहा है कि उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के कुछ विधायकों ने भाजपा के प्रत्याशी को मतदान किया, तो कुछ उसके समर्थन में मतदान से अनुपस्थित रहे। हिमाचल प्रदेश में भी कांग्रेस के कुछ विधायकों के भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने के दावे किए जा रहे हैं। दोनों जगह विधायकों के इस तरह दगा करने के पीछे मुख्य वजह पाटी झालाकमान से नाराजगी बताई जा रही है। उत्तर प्रदेश में तो समाजवादी पार्टी प्रमुख के सबसे भरोसेमंद और पार्टी के मुख्य सचेतक ही बाइबंदी तोड़ कर भाजपा के पाले में चले गए। कुछ दिनों पहले ही उत्तर प्रदेश में सपा और कांग्रेस ने मिल कर लोकसभा चुनाव लड़ने का फैसला किया है। मगर राज्यसभा चुनाव में इस तरह सपा विधायकों के मतभेद उभरने और एक तरह से खुल्लमखुल्ला बगावत से लोकसभा चुनाव में पार्टी पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभावों के आकलन गलत नहीं कहे जा सकते। हिमाचल प्रदेश विधानसभा में कांग्रेस की स्थिति मजबूत है, भाजपा और उसकी सीटों का अंतर भी काफी है, इसलिए वहां कोई खतरा नहीं माना जा रहा था। मगर हकीकत यह भी है कि वहां शक्ति के कई केंद्र बन चुके हैं। मगर उत्तर प्रदेश में विधायकों का असंतोष किसी पद को लेकर नहीं, बल्कि पार्टी अध्यक्ष के व्यवहार से उपजा अधिक जान पड़ता है। जैसा कि कुछ विधायकों ने जाहिर भी किया कि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव का रुक्ष व्यवहार उन्हें खटकता है। उनके सबसे करीबी माने जाने वाले और पाटर्टी के मुख्य सचेतक ने पत्र लिख कर राज्यसभा चुनाव में अपनी जिम्मेदारी से मुक्ति की प्रार्थना की थी। चताया जा रहा है कि वे भाजपा में शामिल होने वाले हैं। राजनीतिक दलों के संचालन में मुखिया का व्यवहार बहुत मायने रखता है। अगर अखिलेश यादव अपने नेताओं और साथी संगठनों को साथ लेकर चल पाने में असमर्थ साबित हो रहे है, तो यह उनकी पार्टी के लिए अच्छा संकेत नहीं माना जा सकता। हालांकि राज्यसभा चुनाव में दलीय बाड़बंदी को थता बताते हुए दूसरे दल के प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करना कोई नई बात नहीं है। कई विधायक दूसरे दल के प्रत्याशी को इसलिए भी मतदान कर देते हैं कि उससे उनके अच्छे संबंध होते हैं। हिमाचल प्रदेश में यह गणित भी काम आया। मगर इस तरह राजनेताओं की निष्ठ तो प्रश्नांकित होती ही है। न केवल पार्टी के प्रति, बल्कि उन मतदाताओं के प्रति भी, जिनके मतदान से उन्होंने विजय हासिल की है। इसी प्रवृत्ति पर रोक लगाने के मकसद से दलबदल कानून बना था, मगर उसको काट अक्सर निकाल ली जाती है। महाराष्ट्र और गोवा इसके सबसे बड़े उदाहरण है, जहां दूसरी पार्टी से चुनाव जीत कर आए विधायक उन्हीं दलों से हाथ मिला कर सरकार में शामिल हो गए, जिसके खिलाफ चुनाव लड़े थे। ऐसे मामलों में न तो पार्टियां कुछ कर पाती है और न चुनाव आयोग कोई ठोस रास्ता निकाल पाता है। इसलिए दलबदल कानून को नए सिरे से प्रभावशाली बनाने की अपेक्षा स्वाभाविक है।

# उदयपुर में 200 पम्प रहे बंद

## देसी-विदेशी टूरिस्ट तक हुए परेशान

- जिलेभर में पेट्रोल पम्पों की हड़ताल का व्यापक असर, कल भी जारी रह सकती है हड़ताल
- पीएम मोदी ने उदयपुर में की थी सरकार आते ही दाम घटाने की घोषणा
- सरकार से डीलर्स की वार्ता विफल, वैट कम करने पर नहीं बनी सहमति



24 न्यूज अपडेट
desk24newsupdate@gmail.com

24 न्यूज अपडेट. उदयपुर। उदयपुर शहर में आज सुबह से हडताल के चलते पेट्रोल पम्प बंद रहे। शहर से बाहर हाईवे पर व सभी पेट्रोल पम्प खुले रहे जिनको कंपनियां सीधे ही चलती हैं। प्रतापनगर से आगे बीपीसीएल, एचपीसीएल, जिओ सहित अन्य पम्प खुले मगर वहां पर भी एसोसिएशन ने जाकर बंद का आह्वान किया। कुछ जगह बंद भी कर दिए गए मगर जिला प्रशासन की टीमों ने पम्प फिर से खुलवा दिए। हाईवे के कुछ पम्प डीलर्स की बजाय सीधे कंपनियों के अंडर में आते हैं। इसके अलावा जिले के सभी पेट्रोल पम्प बंद रहे। हड़ताल का आज उदयपुर शहर और जिले में व्यापक असर देखा जा रहा है। कई लोग पेट्रोल खत्म होने से रास्ते में ही अटक गए हैं। लोग पम्प पर पहुंचे मगर बहुत अनुनय विनय के बाद भी पेट्रोल नहीं मिला। राज राजेश्वर जैन, सचिव उदयपुर पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन ने बताया कि एसोसिएशन ने सभी आपात सेवाओं को हडताल से मुक्त रखा है। बताया जा रहा है कि केवल उदयपुर में ही 6 करोड़ का नुकसान हुआ है। जानकारी अनुसार हड़ताल लंबी चली तो उदयपुर जिले में 7 लाख से ज्यादा वाहन प्रभावित होने का अनुमान है। अभी उदयपुर में प्रत्येक पेट्रोल पंप पर प्रतिदिन औसत 3 लाख रुपए का ईंधन बिकता है। इस हिसाब बसे 200 पेट्रोल पंपों से प्रतिदिन 100 रुपए प्रति लीटर के हिसाब से 6 करोड़ रुपए का पेट्रोल-डीजल बिकता है। यानी दो दिन पेट्रोल पंप बंद रहने से अकेले उदयपुर में 12 करोड़ रुपए के आर्थिक नुकसान होने का अनुमान है। बता दें, वैट को लेकर पंप पिछले साल 13 से 15 सिंतबर तक बंद रहे थे। जहां तक हडताल के खत्म होने का प्रश्न है तो बताया जा रहा है कि कल तक इसकी संभावना कम है क्योंकि आज जयपुर में सीएम भजनलाल शर्मा व्यस्त रहे व उनकी मुलाकात अब तक डीलर्स एसोसिएशन से नहीं हुई है। कई कांग्रेस नेताओं के भाजपा में शामिल होने के जलसे की वजह से सीएम व्यस्त हैं,ऐसे में कल जो जयपुर में मौन रैली निकाली जाएगी उसके बाद कोई बात बन सकती है। इसका मतलब यह हुआ कि शाम तक सरकारी स्तर पर कोई प्रयास नहीं हुआ तो कल भी हड़ताल का चलना तय है। इधर, सूचना मिली है कि चित्तौडगढ में आज पेट्रोल पम्प मालिकों ने चार घंटे का बंद रखा और सुबह 10 बजे पम्प खोल दिए। इसका कारण ये बताया जा रहा है कि चित्तौड़गढ़ एमपी की सीमा पर है और एमपी व चित्तौड़ में पेट्रोल के दामों में खास अंतर नहीं है।

### डीलर्स याद दिला रहे मोदी की गारंटी

उदयपुर में हुई चुनावी सभा में पीएम नरेन्द्र मोदी ने पेट्रोल डीजल की कीमतों पर आक्रोष जताते हुए कहा था कि हमारी सरकार आते ही पुनर्विचार करेगी। डीलर्स हडताल के दौरान यही पक्ष रख रहे हैं कि हम तो केवल मोदीजी की गारंटी याद दिला रहे हैं। तीन महीने होने को आए हैं, पेट्रोल की कीमतें आखिर भाजपा सरकार क्यों नहीं घटा रही है। इधर, इस मुद्दे पर आमजन भी सवाल उठा रहा है कि चुनावी घोषणा पत्र में शामिल मुद्दे को लागू करने में भाजपा सरकार को आखिर क्या दिक्कत हो रही है। वह भी तब जब कीमतें घटा कर उसका लाभ लोकसभा चुनाव में ले सकती है।

### राजसमंद में भी पम्प बंद

पेट्रोल पंप एसोसिएशन के अध्यक्ष कैलाश चौधरी के अनुसार सरकार की वैट ओर कमिशन को लेकर दमनकारी नीतियों के विरोध में आज सुबह 6 बजे से सभी पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल व डीजल की बिक्री बंद है व जिले के सभी पेट्रोल डीजल पंप इस हड़ताल में शामिल है। रविवार को पेट्रोल डीजल पम्पों हडताल के आह्वान के बाद कई लोगो ने पेट्रोल पम्प पर पहुंच कर पेट्रोल भरवाया। राजसमंद शहर में कुल 6 पेट्रोल व डीजल पम्प हैं जहां पर सुबह 6 बजे पेट्रोल व डीजल की सेल नहीं की। इससे जन-जीवन प्रभावित रहा है। लोगों को निराश लौटना पड़ा। लम्बी दूरी पर जाने वाले वाहन चालकों ने अपने कार्यक्रम रद्द किए।

### बीकानेर में दो घंटे बंद रहे पेट्रोल पंप

बीकानेर में दो घंटे हड़ताल के बाद खुले पेट्रोल पंप बीकानेर में दोपहर 12 से 2 बजे तक हड़ताल रही, इसके बाद पेट्रोल पंप खुल गए। जिला पेट्रोल पंप एसोसिएशन ने फिलहाल सोमवार को हड़ताल को लेकर कोई फैसला नहीं किया है। पाली में हड़ताल का असर है। कई वाहन ड्राइवर हड़ताल का पता नहीं होने पर पेट्रोल भरवाने पहुंच गए। पंपकर्मियों ने हड़ताल का हवाला देकर गाड़ियों में पेट्रोल नहीं भरा और वापस जाने को कहा। पाली जिले में कुल 270 पेट्रोल पंप हड़ताल के चलते बंद रहे।

### राजस्थान में 35 करोड़ का नुकसान

जयपुर सहित इंटर स्टेट बॉर्डर वाले जिलों में हड़ताल का अधिक असर है। यहां से लोग यूपी, हरियाणा में पेट्रोल-डीजल भरवाने जा रहे हैं। वहीं, हड़ताल से सरकार को डेली 35 करोड़ के राजस्व का नुकसान हो रहा है।

### मंत्री से वार्ता में नहीं निकला हल

प्रदेश में दूसरे दिन भी बंद रहेंगे पेट्रोल पंप। रविवार को डीलर्स की सरकार से हुई वार्ता बेनतीजा रही। राजस्थान पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन की सचिवालय में उद्योग मंत्री राज्यवर्द्धन सिंह राठौड़ से वार्ता हुई। वार्ता में कई मुद्दों पर सहमति बनी। लेकिन वैट कम करने का फैसला सीएम स्तर पर ही संभव। ऐसे में अब सीएम स्तर पर दूसरे दौर की वार्ता हो सकती है। फिलहाल एसोसिएशन अपने स्टैंड पर कायम।



**चित्तौडगढ में आज 10 बजे बाद पम्प खुले तो मिली राहत।**

### डूंगरपुर में बंद का व्यापक असर

पेट्रोल पंप एसोसिएशन के सचिव गजेंद्र जैन ने बताया कि भाजपा ने सरकार बनते ही पेट्रोल और डीजल से वैट घटाकर रेट कम करने की बात कही थी, लेकिन 3 महीने बाद भी अब तक वैट कम नहीं किया गया है, जबकि पड़ोसी राज्य गुजरात में दोनों के रेट कम हैं। इसका असर डूंगरपुर जिले में बिक्री पर भी पड़ रहा है। बॉर्डर से लगे पेट्रोल पंप पूरी तरह से बंद पड़े हैं। जिससे पेट्रोल पंप संचालकों को भी आर्थिक नुकसान हो रहा है। उन्होंने कहा कि पेट्रोल डीजल पर वैट कम नहीं होने तक उनका विरोध जारी रहेगा। वहीं सोमवार को भी पेट्रोल पंप पर हड़ताल रहेगी।



### इनका कहना है

हमारी हडताल सफल रही है। हम तो सिर्फ यह मांग कर रहे हैं कि जो वादा चुनाव से पहले भाजपा की ओर से किया गया था वह पूरा कर दिया जाए। जनता का भी यही पक्ष है। इसके अलावा डीलरों का कमीशन जो बरसों से नहीं बढा है उसे तत्काल बढा कर हमें राहत दी जाए। आज की हडताल का 95 प्रतिशत असर है जो जबर्दस्त है। हम जनता का और सभी डीलर्स साथियों का इसके लिए धन्यवाद देते हैं। कल सुबह 6 बजे तक हड़ताल है व उसके बाद जयपुर में मौन रैली होगी। उसके बाद ही कोई फैसला हो पाएगा। बॉर्डर एरिया में सबसे ज्यादा हडताल का असर है क्योंकि वहां पर पम्प मालिक बहुत ज्यादा आर्थिक संकट में आ गए हैं। हाईवे पर प्रशासन ने पम्प खुलवाने की कोशिश की मगर हमने बंद करवा दिए। इसके अलावा उन सभी पम्पों पर स्टाफ रोजमर्रा जितना ही होने से कतारें लगीं। वेट कम होने से राजनीतिक फायदा भी होगा व जनता को भी फायदा होगा। राज्य सरकार को यह निर्णय तत्काल ले लेना चाहिए।

**- राज राजेश्वर जैन,**
**सचिव, उदयपुर पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन**

## गेहूं खरीद के लिए पंजीयन शुरू : चने और सरसों के लिए 22 मार्च से पोर्टल होगा शुरू

**समर्थन मूल्य पर खरीद की तैयारियां**

**हनुमानगढ़ः** राज्य सरकार द्वारा गेहूं के समर्थन मूल्य पर 125 रुपये प्रति क्विंटल बोनस की घोषणा के कारण जिले में एमएसपी पर बंपर विक्रय होने की संभावना है।

■ जिले में गेहूं की सरकारी खरीद 10 मार्च से 30 जून 2024 तक की जाएगी। भारत सरकार द्वारा घोषित समर्थन मूल्य 2,275 रुपये प्रति क्विंटल के अतिरिक्त राज्य सरकार द्वारा राजस्थान कृषक समर्थन योजना के तहत 125 रुपये प्रति क्विंटल बोनस की घोषणा की गई है।

■ सरकारी खरीद की तैयारियों को लेकर गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला कलेक्टर श्री काना राम की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

■ जिला कलक्टर ने बताया कि गेहूं की एमएसपी खरीद के लिए पंजीकरण 24 जनवरी से शुरू हो चुके हैं।

■ सरसों और चने की एमएसपी खरीद के लिए 22 मार्च से पोर्टल शुरू होगा। सभी किसान एमएसपी पर विक्रय के लिए समय पर पंजीकरण करवाएं।

■ इस वित्तीय वर्ष में जिले में गेहूं खरीद के लिए कुल 41 क्रय केन्द्र निर्धारित किए गए हैं। जिनमें से 17 केंद्रों पर भारतीय खाद्य निगम, 17 केंद्रों पर राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ (नाफेड), 5 पर तिलम संघ, 2 पर राष्ट्रीय उपभोक्ता सहकारी संघ (एनसीसीएफ) द्वारा खरीद की जाएगी।

■ सरसों में चने की खरीद के लिए जिला कलेक्टर ने कहा कि समय पर टेंडर की प्रक्रिया को पूरा करें तथा जारी किए गए निर्देशों का प्रचार-प्रसार करें।

■ जिला कलक्टर ने कहा कि किसानों द्वारा समय पर पंजीयन करवाना अति आवश्यक है, इसके लिए एसडीएम, तहसीलदार, ई-मित्र संचालक अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करें।

### सरसों और चने की खरीद 1 अप्रैल से...

**सहकारी** विभाग से श्रीमती अंशु सहारण ने बताया कि 1 अप्रैल से सरसों और चने का एमएसपी पर क्रय शुरू होगा।

□ एमएसपी पर क्रय के लिए कृषक 22 मार्च से पंजीकरण करवा सकते है।

□ जिले में इस वर्ष दो नए क्रय केंद्र थालड़का और पदमपुरा बनाए गए है। इसके साथ ही जिले में सरसों और चने की एमएसपी खरीद के लिए 24 क्रय केंद्रों का निर्धारण किया गया है।

□ इसमें से 10 केंद्रो पर क्रय-विक्रय सहकारी समिति द्वारा तथा 14 केंद्रो पर ग्राम सेवा सहकारी समिति द्वारा खरीद की जाएगी।

□ इस वर्ष सरसों का एमएसपी 5,450 रुपये प्रति क्विंटल से बढ़ाकर 5,650 और चने का 5,335 रुपये प्रति क्विंटल से बढ़ाकर 5,440 रुपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य तय किया गया है।

## मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के प्रयास रंग लाए

## प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 1,508 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत



**मुख्यमंत्री** श्री भजनलाल शर्मा की पहल पर भारत सरकार ने प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के लिए केंद्रीय सहायता के रूप में 430 करोड़ रुपये की राशि जारी की है।

■ साथ ही, वित्तीय वर्ष 2024-25 में 30 हजार से अधिक पक्के आवास के प्रस्ताव को मंजूर करते हुए केंद्रीय सहायता के रूप में 1,078 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की है।

■ उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने केंद्रीय आवासन एवं शहरी मामलात मंत्री श्री हरदीप पुरी से विगत दिनों मुलाकात कर प्रदेश के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के 87 हजार परिवारों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत बकाया 430 करोड़ रुपये की राशि जारी करने का आग्रह किया था।

■ मुख्यमंत्री के आग्रह पर केंद्र सरकार ने यह राशि जारी कर दी है। इससे आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लाभार्थी परिवारों को पक्के आवास के निर्माण के लिए निर्धारित किस्त की राशि मिल सकेगी और वे समय पर अपना घर बना सकेंगे।

### मुख्यमंत्री की पहल पर तैयार हुआ प्रस्ताव

मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा को विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान शहरी क्षेत्रों के आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों ने पक्के आवास की आवश्यकता से अवगत कराया था। इसके बाद मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को इस संबंध में आकलन कर प्रस्ताव तैयार कर भारत सरकार को भेजने के निर्देश दिए थे। मुख्यमंत्री की पहल पर भेजे गए प्रस्ताव के अनुसार केंद्र सरकार ने 30 हजार से अधिक पक्के आवासों के निर्माण के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 के रूप में 1,078 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की है।

# टीएमसी से महुआ मोइत्रा को फिर मौका, यूसुफ पठान पर दांव

**24 न्यूज अपडेट**
desk24newsupdate@gmail.com

24 न्यूज अपडेट ब्यूरो। ममता बनर्जी की टीएमसी ने 42 सीटों पर उम्मीदवारों का ऐलान किया हैं। ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली पार्टी की इस सूची में महुआ मोइत्रा को फिर मौका दिया गया है। यूसुफ पठान पर भी दांव लगाया गया है। शुत्रुघ्न सिन्हा भी मैदान में उतारे गए हैं। लोकसभा चुनाव 2024 के लिए तृणमूल कांग्रेस की ओर से ने रविवार को 42 सीटों पर उम्मीदवारों का ऐलान हुआ। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली पार्टी टीएमसी की इस सूची में पूर्व सांसद महुआ मोइत्रा को फिर चुनावी मैदान में उतरने का मौका दिया गया है। पूर्व क्रिकेटर कीर्ति आजाद और युसूफ पठान को भी चुनावी दंगल में उतारा गया हैं। टीएमसी की लिस्ट में महुआ मोइत्रा के अलावा टीम इंडिया के लिए क्रिकेट खेल चुके यूसुफ पठान पर भी पार्टी ने दांव चला है, जबकि एक्टिंग की दुनिया से राजनीति में आए शत्रुघ्न सिन्हा को भी मौका दिया गया है. शत्रुघ्न सिन्हा आसनसोल सीट से मौजूदा सांसद भी हैं। टीएमसी ने जिन सीटों पर नामों का ऐलान किया है उनमें कई बड़े नाम भी हैं। बैरकपुर से अर्जुन सिंह का टिकट काटा है। नुसरत जहां का टिकट काटा दिया है। नुसरत जहां की लोकसभा सीट बसीरहाट से हाजी नुरुल इसलाम को उतारा गया हैं। वहीं, पूर्व क्रिकेटर कीर्ति आजाद को भी बर्धमान-दुर्गापुर से उम्मीदवार बनाया है। कोलकाता उत्तर से सुदीप बंदोपाध्याय, कोलकाता दक्षिण से माला राय, हावड़ा से प्रसून बंदोपाध्याय, डायमण्ड हार्बर से अभिषेक बनर्जी, दमदम से प्रो. सौगत राय, श्रीरामपुर से कल्याण बनर्जी, हुगली से रचना बंदोपाध्याय, बैरकपुर से पार्थ भौमिक, बारासात से डा. काकोली घोष दस्तीदार, आरामबाग से मिताली बाग, घाटाल से दीपक अधिकारी (देव), मिदनापुर से जून मालिया, बांकुड़ा से अरूप चक्रवर्ती, बर्धमान पूर्व से डा. शर्मिला सरकार, आसनसोल से शत्रुघ्न सिन्हा, बर्धमान दुर्गापुर से कीर्ति आजाद, वीरभूम से शताब्दी राय, तमलुक से देवांशु भट्टाचार्य, बसीरहाट से हाजी नुरुल इसलाम, मथुरापुर से बापी हालदार, अलीपुरदुआर से प्रकाश चिक बराइक, दार्जिलिंग से गोपाल लामा, रायगंज से कृष्ण कुमार कल्याणी, बालुरघाट से विप्लव मित्र, मालदह उत्तर से प्रसून बैनर्जी (पूर्व आईपीएस), मालदह दक्षिण से शाहनवाज रेहान, जंगीपुर से खलीलुर रहमान, बरहमपुर से युसूफ पठान (पूर्व क्रिकेटर), मुर्शिदाबाद से अबू ताहेर खान, कृष्णानगर से महुआ मोइत्रा, राणाघाट से मुकुटमणि अधिकारी, बनगांव से विश्वजीत दास, जलपाईगुड़ी से निर्मलचन्द्र राय, कूचबिहार से जगदीश चन्द्र बासुनिया, विष्णुपुर से सुजाता मण्डल खां, जॉयनगर (एससी) से प्रतिमा मंडल, मथुरापुर (एससी) से बापी हलदर, जादवपुर से सायोनी घोष, उलूबेरिया से सजदा अहमद, सेरामपुर कल्याण बनर्जी, हुगली रचना बनर्जी, कंठी से उत्तम बारिक, झारग्राम (एसटी) से कालीपाड़ा सोरेन, मेदिनीपुर से जून मालिया, पुरुलिया से शांतिराम महतो, बर्धमान पुरबा (एससी) से डॉ शर्मिला सरकार और बोलपुर (एससी) से असित कुमार मल प्रमुख रूप से शामिल है।

# सावित्रीबाई फुले की पुण्यतिथि मनाई



**24 न्यूज अपडेट**
desk24newsupdate@gmail.com

सर्व ओबीसी समाज महापंचायत उदयपुर द्वारा शिव दर्शन माली कोलोनी ,उदयपुर में सावित्रीबाई फुले की 127 वी पुण्यतिथि मनाई। प्रवक्ता नरेश पूर्बिया ने बताया कि भारत की पहली महिला शिक्षिका,नारीवादी आंदोलन की अग्रणी,कवियत्री तथा महान समाज सुधारक सावित्री बाई फुले की पुण्यतिथि पर ट्रस्ट कार्यक्रम में सावित्रीबाई फुले की तस्वीर पर माला एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। संस्थापक दिनेश माली ने कहा कि समाज सुधारक सावित्रीबाई फूले के आदर्श पर चलने की प्रेणा लेकर समाज सुधार के कार्यो को किया जाए तभी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। सिमित संसाधन एवं विपरीत परिस्थितियों में समाज सुधार की प्रेणा सावित्रीबाई फूले जीवन से लेनी चाहिए। कार्यक्रम में संस्थापक दिनेश माली, संरक्षक भंवर लाल सुहालका, कोषाध्यक्ष बालकृष्ण सुहालका, महिला संरक्षक धारावती, चुन्नीलाल , प्रवक्ता नरेश पूर्बिया, मनीबेन पटेल,रुक्मणी ,कुसुम , सुनीता , सुशील ,रूपा देवी ,गणेश ,प्रेमलता , तारा उपस्थित थे।

# देश को रोगमुक्त करने के संकल्प के साथ तीन दिवसीय योग महोत्सव का समापन

**24 न्यूज अपडेट**
desk24newsupdate@gmail.com

उदयपुर तीन दिवसीय योग महोत्सव का हुआ सफल आयोजन योग एवं सनातन परंपरा के जन-जन में विस्तार के उद्देश्य से तीन दिवसीय योग महोत्सव का समापन योग महोत्सव में तीन दिनों तक बहा योग-आयुर्वेद की अविरल धारा 10 मार्च, 2024 गाँधी मैदान, उदयपुर आयुष मंत्रालय भारत सरकार, केंद्रीय योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान परिषद एवं संस्कृति विकास के सयुंक्त तत्त्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय योग महोत्सव का हुआ सफल आयोजन हुआ।

# करंट लगने से मजदूर की मौत
## घर की छत पर कर रहा था वाटरप्रूफिंग

**24 न्यूज अपडेट**
desk24newsupdate@gmail.com



भीलवाड़ा मकान की छत पर वाटर प्रूफिंग का काम कर रहे एक मजदूर की करंट लगने से मौत हो गई । मामला मांडल थाना क्षेत्र का है । यहां प्रतापगढ़ जिले के खूंटा गांव में रहने वाला अर्जुन पिता की सिया मीणा ( 27 ) चमनपुरा गांव में एक घर की छत पर वॉटरप्रूफिंग का काम कर रहा था ।इसी दौरान उसके हाथ में पकड़ी लोहे की एंगल वहां से गुजर रहे बिजली के तारों को टच कर गई और अर्जुन करंट की चपेट में आ गया । हालत बिगड़ने पर उसे भीलवाड़ा के महात्मा गांधी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया । जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया । पुलिस ने मृतक के शव के पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा और मामला दर्ज का जांच शुरू की ।

**शक्ति वंदन अभियान का समापन समारोह** | मुख्यमंत्री ने कहा... राज्य सरकार नारी शक्ति उत्थान के लिए कृतसंकल्पित

# राजस्थान की 11 लाख से अधिक महिलाएं लखपति बनेंगी



मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने देशव्यापी शक्ति वंदन अभियान के समापन के अवसर पर जयपुर में आयोजित समारोह को वर्चुअल संबोधित किया

*यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में केंद्र और राज्य सरकार नारी शक्ति के उत्थान के लिए कृतसंकल्पित होकर कार्य कर रही हैं। पिछले 10 बरसों में महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाने के लिए केंद्र सरकार ने कई योजनाएं चलाई हैं। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री हर घर शौचालय, हर घर नल, दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति तथा पीएम आवास योजना जैसे कार्यक्रमों एवं योजनाओं के कारण देश की करोड़ों महिलाओं के जीवन में बड़ा बदलाव आया है।*

**-श्री भजनलाल शर्मा**
मुख्यमंत्री

**मुख्यमंत्री** श्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि शक्ति वंदन अभियान देश के एक करोड़ स्वयं सहायता समूहों से सम्पर्क स्थापित कर 10 करोड़ से अधिक महिलाओं को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत संकल्प से जोड़ने के लिए चलाया गया है।

- देश की करोड़ों महिलाओं के प्रयासों को पहचान और सम्मान देना इसका लक्ष्य है।
- राजस्थान का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह नारी शक्ति की धरती है। यहां की नारियों ने देश के लिए अपना सब कुछ न्योछावर किया है।
- ये भूमि पन्नाधाय, हाड़ीरानी और कालीबाई जैसी वीरांगनाओं के बलिदान और मीराबाई की भक्ति के लिए जानी जाती है।
- केंद्र एवं राजस्थान सरकार महिला सशक्तीकरण की दिशा में ठोस कदम उठा रही है।
- लखपति दीदी योजना से महिलाओं में कौशल विकास कर उनकी सालाना आमदनी एक लाख रुपये की जाएगी।
- केंद्र सरकार ने देश की 3 करोड़ से अधिक महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा है।
- राजस्थान में भी इस योजना पर तेज गति से कार्य चल रहा है।
- राजस्थान सरकार ने स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से प्रदेश की 11.24 लाख महिलाओं को अगले तीन वर्षों में चरणबद्ध रूप से लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य तय किया है।
- इनमें से 2.8 लाख से अधिक महिलाएं लखपति दीदी की श्रेणी में आ चुकी हैं।
- समापन समारोह में उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री श्री राज्यवर्धन सिंह राठौड, स्वायत शासन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री झाबर सिंह खर्रा, सांसद श्री सी.पी. जोशी, जयपुर ग्रेटर नगर निगम महापौर श्रीमती सौम्या गुर्जर, जयपुर जिला कलक्टर श्री प्रकाश राजपुरोहित सहित जनप्रतिनिधिगण, अधिकारीगण, स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएं एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम लोकतंत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाएगा

मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की पहल पर संसद ने महिलाओं को सशक्त करने के लिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित किया है। इसके प्रभावी होने के बाद महिलाओं को लोकसभा एवं विधानसभाओं में 33% आरक्षण मिलेगा और उनकी लोकतंत्र में भागीदारी बढ़ेगी। महिलाओं का आत्मसम्मान बढ़ेगा तो देश सशक्त होगा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का नारी शक्ति के उत्थान का संकल्प पूरा होगा।

# 'राजस्थान में अब बिजली संकट नहीं होगा, सीएम भजनलाल ने 1.60 लाख करोड़ के एमओयू किए



**24 न्यूज अपडेट**
desk24newsupdate@gmail.com

जयपुर। राजस्थान में ऊर्जा सेक्टर को आत्मनिर्भर बनाने के लिए रविवार को सीएमओ में एमओयू किया गया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने थर्मल और अक्षय ऊर्जा (रिन्यूएबल एनर्जी) के उत्पादन के नए प्रोजेक्ट्स के लिए राज्य सरकार विद्युत निगमों और केन्द्रीय उपक्रमों के बीच 5 एमओयू और 1 पावर परचेज एग्रीमेंट (पीपीए) पर हस्ताक्षर किए। इस एमओयू के माध्यम से राज्य में ऊर्जा क्षेत्र के विकास के लिए 1.60 लाख करोड़ रुपए के निवेश होंगे। केंद्रीय विद्युत मंत्री आर के सिंह ने कहा- राजस्थान में अब बिजली संकट नहीं होगा। देश में कोयले अच्छी मात्रा में उपलब्धता है। इसलिए राजस्थान में कोयले का संकट नहीं होने देंगे। उन्होंने कहा- राजस्थान में एडिशनल यूनिट की शुरुआत कीजिए केंद्र से हमारा पूरा सहयोग मिलेगा। राजस्थान जब पूरे देश में रिन्यूबल एनर्जी के सेक्टर में अग्रणी होगा। इससे पूरे देश में राजस्थान बिजली बेच सकेगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा- आज हमारे लिए बहुत खुशी का दिन है। जब हम किसी काम के लिए निकलते हैं, उसका मूल्यांकन भी होता है। जब प्रदेश में हमारी सरकार बनी। कई विभागों का इस दौरान मूल्यांकन किया गया। खासकर वे विभाग जो जनता से सीधे तौर पर जुड़े थे। उनके हालात काफी खराब थे। इसका दोष किसी व्यक्ति को नहीं बल्कि उस सिस्टम का था, जो पहले से चला आ रहा था।

## 1 लाख 39 हजार 200 करोड़ रुपए से अधिक का कर्ज

उन्होंने कहा- पिछली सरकार की गलत नीतियों, ऊर्जा विभाग और बिजली कम्पनियों के कुप्रबंधन के कारण राज्य में लगातार बिजली संकट की स्थिति बनी रही। साल 2022-23 में राजकीय उत्पादन कम्पनी लगभग 55 प्रतिशत बिजली उत्पादन क्षमता के साथ काम कर रही थी। बिजली उपलब्ध कराने के लिए महंगी बिजली एक्सचेंज से खरीद करनी पड़ रही है। इस कारण साल 2022-23 में एक्सचेंज से 3 हजार 700 करोड़ रुपए से अधिक की बिजली खरीदने के कारण अतिरिक्त वित्त भार राजकोष पर पड़ा है। वर्तमान में डिस्कॉम्स पर लगभग 88 हजार 700 करोड़ रुपए सहित समस्त बिजली कंपनियों पर 1 लाख 39 हजार 200 करोड़ रुपए से अधिक का कर्ज है। सीएम ने कहा- हमारे प्रदेश में कोयला संकट था। हमने कोयला मंत्री प्रहलाद जोशी से इस संबंध में बात की। उनके आश्वासन के बाद प्रदेश में अब कोयला संकट तो नहीं होगा। राजस्थान आने वाले समय में बिजली के क्षेत्र में सरप्लस वाला राज्य बनकर सामने आएगा। उन्होंने कहा- प्रदेश को ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में यह एतिहासिक कदम लिया गया है। राज्य की पिछली सरकार की कुप्रबंधन के कारण राज्य का बिजली तंत्र खस्ताहाल हालात में हो गया। इससे प्रदेश में बिजली का संकट भी खड़ा हो गया। हमारे थर्मल पावर प्लांट कोयले की कमी से जुझ रहे थे। पिछली सरकार की गलत नीतियों के कारण प्रदेश को मंहगी बिजली एक्सचेंज से खरीद करनी पड़ रही है। इससे न केवल आर्थिक नुकसान हुआ बल्कि औद्योगिक विकास और कृषि उत्पादन भी प्रभावित हुआ।

## कार पार्किंग को लेकर था विवाद, बचाने आए दोस्तों को मारे लात-घूंसे
# गहलोत के पूर्व ओएसडी ने आरएएस अफसर को पीटा

**24 न्यूज अपडेट.उदयपुर**
desk24newsupdate@gmail.com

जयपुर। राजस्थान के पूर्व सीएम अशोक गहलोत के ओएसडी रहे लोकेश शर्मा ने आरएएस अफसर से मारपीट कर दी। घर के सामने कार खड़ी करने को लेकर विवाद हुआ था।



पीड़ित आरएएस अधिकारी और लोकेश शर्मा के परिवार ओर से मामला दर्ज करवाया गया है। घटना महेश नगर थाने के भगवती नगर की है। एसआई सुरेश कुमार ने बताया कि भगवती नगर निवासी आरएएस भूराराम ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई है, जिसमें बताया कि वह उद्योग और वाणिज्य विभाग जयपुर में सहायक आयुक्त हैं। शनिवार शाम करीब 7 बजे उनके साथी नवल और रामफूल मीणा उन्हें लेने घर आए थे। रोड किनारे कार खड़ी कर सामान निकालकर घर में रख रहे थे। इस दौरान विकास शर्मा नाम के युवक ने आकर जोर से कार का शीशा बजाया। शीशा नीचे करने पर वह गाली-गलौज कर कार पार्किंग को लेकर झगड़ा करने लगा। गाड़ी हटाने की बात कहने पर धमकाया कि तू मुझे जानता नहीं है क्या? जल्दी गाड़ी हटा, नहीं तो ऐसी-तैसी कर दूंगा। गाली देने से मना करने पर गेट खोलकर थप्पड़ जड़ दिया। विरोध करने पर उसके भाई लोकेश शर्मा ने भी हमला कर दिया। गाड़ी से बाहर निकालकर उनको लात-घूंसों से पीटा। बीच-बचाव करने आए दोनों साथियों से भी गाली-गलौज कर मारपीट की गई।

### कॉलोनी के लोगों ने बीच-बचाव कर छुड़ाया

पीड़ित का कहना है कि आरोपियों ने धमकाते हुए कहा कि तुझे पता नहीं है, जिस रोड पर खड़ा है वो तेरे बाप की है। मैं कौन हूं, यहीं पे तुझे जिंदा गाड़ दूंगा। तेरी लाश तक नहीं मिलेगी। इसके बाद मारते हुए अपने घर में ले गए। वहां तीसरे भाई ने भी मारपीट की। राजकीय सेवा में अधिकारी होने की बताकर छोड़ने के लिए कहा तो भी लात-घूंसों से मारपीट करते हुए कहने लगे कह तेरे जैसे अधिकारियों को मैंने जूते मार-मार के इलाज किया है। मैं शासन को हिला सकता हूं, तेरे जैसे का तो मैं नामों निशान मिटा सकता हूं। हंगामा होने पर कॉलोनी के लोगों ने बीच-बचाव कर छुड़ाया। पीड़ित भूराराम का कहना है कि वह पिछले करीब 6-7 महीने से भगवती नगर में किराए से रह रहे हैं। मारपीट करने वाले पड़ोसी पूर्व सीएम के ओएसडी लोकेश शर्मा हैं, ये उनको बाद में पता चला। मेरे और मेरे साथियों के साथ बिना किसी बात के गाली-गलौज कर मारपीट की गई। महेश नगर थाने में शनिवार देर रात रिपोर्ट दर्ज करवाई।

### कार पार्किंग को लेकर भाई की कहासुनी हुई थी- लोकेश शर्मा

लोकेश शर्मा का कहना है कि मेरे भाई विकास शर्मा से मेन गेट के सामने कार पार्किंग को लेकर कहासुनी हुई थी। भाई विकास शर्मा ने भी महेश नगर थाने में FIR दर्ज करवाई है। मेन गेट के सामने एक व्यक्ति अपनी कार खड़ी कर चला गया था। जब वह लौटा तो भाई ने उसे टोका। इसको लेकर उन्होंने गाली-गलौज की और भाई को धमकाया कि तू अभी बच्चा है। तेरे भाई से पूछना कि मैं कौन हूं और तेरी मेरे सामने कोई औकात नहीं है। हम सरकार चलाते हैं और मैं आरएएस हूं। तुझे और तेरे परिवार को आकौत याद दिला दूंगा। हंगामा होते देखकर बाहर जाकर मैंने समझाया। घर के अंदर बैठकर बात करने के लिए कहा था। इससे ज्यादा मेरा इसमें कोई रोल नहीं है।

# 11 साल बाद टूटा कटारिया का राजनीतिक चक्रव्यूह

## भाजपा में घर वापसी कर भीण्डर बोले, पूरा हुआ मेरा वनवास..

### पढ़िये पत्रकार सुशील जैन का विशेष विश्लेषण

24 न्यूज अपडेट
desk24newsupdate@gmail.com

24 न्यूज अपडेट. उदयपुर। आज जयपुर में पार्टी मुख्यालय पर दिग्गज नेता जनता सेना सुप्रीमो रणधीरसिंह भीण्डर अपने पूरी सेना के साथ भाजपा में शामिल हो गए। भाजपा में आते ही रणधीर ने 24 न्यूज अपडेट से बातचीत में कहा-मेरा 11 बरस का वनवास पूरा हुआ। अब आगे पार्टी जो भी जिम्मेदारी देगी, उसका निर्वहन करेंगे। आपको याद होगा कि विधानसभा चुनाव में किस तरह से ऐन वक्त तक महाराजा साहब रणधीरसिंह भीण्डर ने भाजपा को बार-बार संकेत दिया कि वे पार्टी में शामिल होना चाहते हैं लेकिन भाजपा ने हनुमान बेनिवाल की पार्टी का दामन थामे खड़े पूर्व भाजपा दिग्गज उदयलाल डांगी को पार्टी में लेकर उन पर दांव लगाया। यह दांव सफल भी रहा। तो दूसरी तरफ भीण्डर ने खुद मैदान में आने की बजाय वल्लभनगर सीट पर अपनी पत्नी दीपेन्द्र कुंवर को चुनाव मैदान में उतारा और जनता सेना के अस्तित्व की लाड़ाई को अंतिम लड़ाई का नाम देकर चुनाव लड़ा। वसुंधरा राजे खेमे से माने जाने वाले रणधीरसिंह भीण्डर की भाजपा के दिग्गज नेता रहे और असम के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया से अदावत के चलते भीण्डर को अलग पार्टी बनानी पड़ी। कटारिया ने हर मुमकिन प्रयास करते हुए भीण्डर को ऐसे राजनीतिक चक्रव्यूह में फंसाया कि साल दर साल शह और मात का खेल चता ही रहा। इस दौरान कई बार तल्खियां भी हुईं। पिछले चुनाव में हिम्मतसिंह झाला को टिकट दिलाने में भी कटारिया की प्रमुख भूमिका रही जिससे नाराज होकर उदयलाल डांगी हनुमान बेनिवाल की पार्टी में चले गए। इसका नुकसान यह हुआ कि विधानसभा सीट कांग्रेस के खाते में चली गई।

### क्या टूट गया है कटारिया का चक्रव्यूह

भीण्डर, कानोड़, वल्लभनगर सहित आस-पास के कस्बों में गहरी पैठ रखने वाली जनता सेना के भाजपा खेमें महापड़ाव का क्या असर होगा यह तो लोकसभा चुनाव के लिटमस टेस्ट में ही साफ हो जाएगा लेकिन सबकी जुबां पर यही बात आ रही है कि क्या महाराजा साहब के भाजपा में शामिल होने को मेवाड़ की राजनीति में कटारिया के चक्रव्यूह की काट के रूप में देखा जा सकता है। क्या कटारिया का असर अब मेवाड की राजनीति में केवल मार्ग दर्शक का ही रह गया है और फैसलों की डोर कहीं किसी और के हाथों में चली गई है। पिछले 11 सालों में जो राजनीतिक विरोध की तलवारें खिंचीं क्या वो इस ज्वाइनिंग से फिर से अपनी-अपनी म्यान में चली जाएंगी या फिर यह एक नए आंतरिक युद्ध की शुरूआत होगी जिसमें विदइन पार्टी स्ट्रगल शुरू हो जाएगी। कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों के तीन-तीन अलग-अलग लवाजमों से सजी वल्लभनगर की राजनीति की कमल सेना किस प्रकार से एक कमल दल बनकर राजनीत को नई दिशा देती है, यह तो आने वाला समय ही बता पाएगा।

### अब कांग्रेस का क्या होगा

रणधीर सिंह भींडर टिकट नहीं मिलने पर 2013 में बागी हुए, 2018 में चुनाव हारे, 2023 में उनकी पत्नी चुनाव हारी। यही हाल भाजपा का भी हुआ क्योंकि वोट बंट गए। अब जबकि तीन पक्ष एक हो गए हैं तो ऐसे में बडा सवाल ये है कि कांग्रेस का वल्लभनगर विधानसभा सीट पर क्या वजूद रह गया है। उनका कोर वोटर भी क्या लोकसभा में उनके साथ रह पाएगा या फिर इसमें भी सेंध लग जाएगी।

### जो थे विरोधी, उनको लगाना पड़ेगा गले

वल्लभनगर विधानसभा सीट पर भीण्डर के भाजपा में वापस आते ही पूरी पार्टी की आंतरिक संरचना में बदलाव करना होगा क्योंकि जनता सेना के प्रधान सहित कई जनप्रतिनिधि विभिन्न पदों पर हैं। उन्होंने तीन महीने पहले ही भाजपा के विरोध में राजनीतक झंडा बुलंद करते हुए विधानसभा चुनाव लड़ा था। वैचारिक स्तर पर भाजपा में एकाकार उन्हें किया जा सकता है लेकिन लॉजिस्टक और सबसे खास आर्थिक संसाधनों के आंतरिक अदृष्य बंटवारे के सवाल पर बर्तनों का खड़खड़ाना तय माना जा रहा है।

# अब सिर्फ 25 रूपए में पहुंचो उदयपुर से चित्तौड़

24 न्यूज अपडेट
desk24newsupdate@gmail.com

चित्तौड़गढ़। रेल यात्रियों के लिए खुशखबरी है। रेलवे बोर्ड ने जनरल टिकट का किराया कम कर दिया है। लोकसभा चुनाव से पहले रेलवे की ओर से यह फैसला लिया गया है। अब पैसेंजर ट्रेनों में जनरल टिकट लेकर 45 किमी तक सफर करने के लिए सिर्फ 10 रुपए किराया ही देना होगा। वहीं, इसके आगे के सफर के लिए मिनिमम रुपए ही देने होंगे। यानी चित्तौड़गढ़ से घोसुंडा, नेतावल, चंदेरिया, शंभुपुरा, तक सिर्फ 5 रुपए और पांडोली, कपासन, निंबाहेड़ा, बस्सी, पारसोली, जावद रोड़ तक जाने के लिए यात्रियों को सिर्फ 10 रुपए खर्च करने होंगे। पहले यात्रियों को 30 रुपए देने पड़ते थे। दरअसल, कोरोना काल से पहले तक साधारण ट्रेनों में न्यूनतम किराया दस रुपए ही था, लेकिन कोरोना के बाद जब ट्रेनों का संचालन शुरू किया तो रेलवे ने सभी ट्रेनों को स्पेशल का दर्जा देकर किराया 10 से बढ़ाकर 30 रुपए कर दिया था। जिसे करीब चार साल बाद अब रेलवे बोर्ड ने वापस कम किया है। कोरोना काल में मार्च 2020 में ट्रेनों का संचालन बंद कर दिया गया था। इसके बाद रेलवे ने भीड़ कम करने के लिए स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया। जिसमें साधारण ट्रेनों के नंबरों के आगे 0 लगाकर उन्हें स्पेशल के नाम से चलाया और किराया बढ़ा दिया था। यानी न्यूनतम किराया 30 रुपए कर दिया गया। पिछले चार साल से पैसेंजर ट्रेनों में बढ़ा हुआ किराया वसूला गया। लेकिन अब रेलवे बोर्ड के इस फैसले से लोकल ट्रेनों में 45 किमी तक की यात्रा करने पर मात्र 10 रुपए किराया देना होगा। वहीं, 1 से 20 किलोमीटर तक की यात्रा करने पर 5 रुपए किराया देना होगा। अब 30 रुपए में यात्री 140 किलोमीटर तक की यात्रा कर पाएंगे।

### सिर्फ 25 रुपए में पहुंच सकते है उदयपुर सिटी तक

ट्रेन संख्या 09544, 09602, 05835, 05836, 05834, 05833, 09500 गाड़ियों में फेयर कम कर दिए है। यानी अब घोसुंडा, नेतावल, चंदेरिया, शंभुपुरा, तक सिर्फ 5 रुपए, पांडोली, कपासन, निंबाहेड़ा, बस्सी, पारसोली, जावद रोड़ तक सिर्फ 10 रुपए देने होंगे। वहीं, भूपालसागर, फतेहनगर, बिसलवास कलां, नीमच तक 15 रुपए, मावली, भीमतल तक 20 रुपए, खेमली, देबारी, राणा प्रताप नगर, उदयपुर सिटी तक सिर्फ 25 रुपए में यात्रा कर सकते है। इसके अलावा रेलवे ने कोविड से पहले दो ट्रेनों यमुना ब्रिज आगरा-रतलाम-रतलाम ट्रेन संख्या 19818/19817 को और मदार-उदयपुर- मदार ट्रेन संख्या 19605/19606 को कोविड से पहले ही एक्सप्रेस का दर्जा मिल चुका था इसलिए इसमें पहले की तरह ही चार्ज लगेगा।




# ईडी के डर से भाजपा में गए मालवीया: भगोरा

24 न्यूज अपडेट
desk24newsupdate@gmail.com

डूंगरपुर। एआईसीसी के पूर्व सदस्य और कांग्रेस के दिग्गज नेता रहे महेंद्रजीत सिंह मालवीया के भाजपा में जाने के बाद बयानबाजी का दौर शुरू हो गया है। महेंद्रजीत मालवीया की पत्नी और बांसवाड़ा से जिला प्रमुख रेशम मालवीया ने पूर्व सांसद ताराचंद भगोरा पर कांग्रेस को तोड़ने के आरोप लगाए हैं। वहीं, जवाब में पूर्व सांसद भगोरा ने मालवीया को ईडी के डर से भाजपा में जाने की बात कह दी। बांसवाड़ा में कांग्रेस से जिला प्रमुख रेशम मालवीया ने एक बयान जारी कर पूर्व सांसद ताराचंद भगोरा पर डूंगरपुर-बांसवाड़ा में कांग्रेस को तोड़ने के गंभीर आरोप लगाए हैं। रेशम मालवीया ने कहा कि पिछली बार वे लोकसभा चुनाव में खड़ी हुई थी। उस समय पूर्व मंत्री अर्जुन बामनिया, ताराचंद भगोरा ने मिलकर हराने का काम किया। भगोरा ने गुटबाजी और पार्टी को खत्म करने का काम किया, जिस वजह से चौरासी में एमएलए के लिए खड़े हुए तो जमानत जब्त हो गई। आगे देखते जाओ होता है क्या? रेशम मालवीया का ये बयान आने के बाद पूर्व सांसद ताराचंद भगोरा ने कहा कि जब बांसवाड़ा में जिला प्रमुख बनाने की बात आई थी। तब उन्होंने मालवीया का साथ दिया था, लेकिन अब वे बीजेपी में आ गए तो मनगढ़ंत आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने उन्हें (मालवीया) को सबकुछ दिया। एआईसीसी के मेंबर से लेकर विधायक, मंत्री, सांसद और सभी बड़े पद दिए। आज ईडी के प्रकोप का डर सहन नहीं कर सके और भाजपा में चले गए। भगोरा ने कहा कि भाजपा के लोग भी अब तो सोच रहे हैं की कांग्रेस में रहते उन्होंने काफी लोगों को तंग किया तो ऐसे बुरे दिन भाजपा में भी आने वाले हैं। हकीकत में आने वाले समय में ऐसी ही दबंगई रही तो भाजपा के नेताओं की स्थिति गंभीर होगी। उन्होंने दावा किया की इस बार डूंगरपुर- बांसवाड़ा के साथ ही देश में कांग्रेस की जीत होगी और उनकी सरकार बनेगी।

## मूर्ति पर लगे सोने-चांदी के मुकुट ले गए चोर, मकान से 5 लाख पर किया हाथ साफ

24 न्यूज अपडेट
desk24newsupdate@gmail.com

उदयपुर। नाई थाना क्षेत्र के वरडा में चोरों ने धमाल मचा दी। 6 मंदिरों सहितघर में शनिवार रात चोरी हो गई। गांव के 6 अलग-अलग मंदिरों में चोरों ने दस्तक दी। दान पेटी से नकदी और भगवान पर सोने-चांदी के आभूषण तक ले गए। इसके अलावा गांव में अर्जुन सिंह मकान में परिवार बाहर किसी कार्यक्रम में गया हुआ था। चोरों ने ताला तोड़ा और 5 लाख रुपए के सोने-चांदी के आभूषण चुरा लिए।घटना के बाद से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। उन्होंने पुलिस प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताते हुए गांव में गश्त बढ़ाने की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि चोरों ने मंदिरों के ताले तोड़कर वहां रखी दान पेटी से पैसे निकाल लिए। भगवान की मूर्ति पर लगे सोने-चांद के मुकुट, छड़ी, हार सहित अन्य आभूषण चुरा ले गए। सभी 6 मंदिरों से करीब 2 लाख रुपए नकदी और आभूषण की चोरी हुई है। इसके अलावा एक घर 5 लाख रुपए के सोने-चांदी के जेवर चोरी हुए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इससे पहले भी गांव में चोरियां हो चुकी हैं। लगातार हो रही चोरियों को लेकर पुलिस को कई बार शिकायत कर चुके हैं लेकिन सख्ती नहीं होने से चोरों के हौसले बुलंद है।



## साइन बोर्ड से टकराई कार, मयूर मिल के 2 कर्मचारियों की मौत

24 न्यूज अपडेट
desk24newsupdate@gmail.com

बांसवाड़ा। बांसवाड़ा शहर से 17 किलोमीटर दूर तलवाड़ा थाना इलाके में मसोटिया मोड़ पर बेकाबू कार शनिवार रात 1.30 बजे साइन बोर्ड से टकराकर पलट गई। कार में मयूर मिल (बांसवाड़ा) के 3 कर्मचारी थे। इनमें से 2 की इलाज के दौरान मौत हो गई जबकि तीसरा गंभीर घायल है। तलवाड़ा चौकी प्रभारी खुशपाल सिंह ने बताया- हादसे में झुंझुनूं निवासी राहुल, चेन्नई निवासी दीपक शेट्टी की इलाज के दौरान मौत हो गई। दोनों के शव बांसवाड़ा हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में रखवाए गए हैं। वहीं कपासन (चित्तौड़गढ़) निवासी भंवर सिंह पुत्र श्याम सिंह गंभीर घायल है, जिसका इलाज बांसवाड़ा अस्पताल में चल रहा है। खुशपाल सिंह ने बताया- जानकारी के अनुसार तीनों मयूर मिल के कर्मचारी हैं और बांसवाड़ा में मयूर मिल एरिया में रह रहे थे। यह एरिया बांसवाड़ा शहर से डूंगरपुर रोड पर 3 किलोमीटर दूर है। कार सवार तीनों कर्मचारी परतापुर (जिला बांसवाड़ा) से बांसवाड़ा शहर की तरफ लौट रहे थे। कार की रफ्तार इतनी तेज थी कि रोड के किनारे लगे साइन बोर्ड से टकराकर कार विपरीत दिशा में पलट गई। हादसे की सूचना वहां रह रहे एक व्यक्ति ने तलवाड़ा पुलिस को दी। इसके बाद घायलों को बांसवाड़ा अस्पताल पहुंचाया गया। मृतकों के परिजनों को सूचना देकर बुला लिया है पोस्टमॉर्टम कर शव परिजनों को सौंप दिए गए।

## स्पोर्टी लुक सहित साधारण सूट, सिंपल साड़ी के ऑउट फिट में दीवास रन -2 में दौड़ी महिलाएं



24 न्यूज अपडेट
desk24newsupdate@gmail.com

उदयपुर। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर मेवाड़ी रनर्स की ओर से दीवास रन -2 का आयोजन फतहसागर के देवाली छोर पर किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ आयरन मैन ऋषभ जैन, जितेंद्र पटेल और न्यूरोलॉजिस्ट डॉक्टर उदय भौमिक द्वारा फ्लैग ऑफ से हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप ने डीवाईएसपी चेतना भाटी ने शिरकत की। रन से पहले जुम्बा फिटनेस कोच आयुष अरोड़ा ने वार्म अप करवाकर सभी को एनर्जी से भर दिया। दीवास रन में हिस्सा लेने के लिए महिलाओ का जोश देखते ही बन रहा था। महिलाएं स्पोर्टी लुक के साथ ही सूट ओर साड़ी में भी रन का हिस्सा बनी, तो वही मेवाड़ी रनर्स के पुरूष सदस्यों ने 5 किलोमीटर के इस रन में सभी को बुस्ट करने के लिए साथ साथ दौड़ लगाई। देवाली छोर से शुरू हुई दीवास रन में महिलाओं ने फतहसागर के मेवाड़ दर्शक दीर्घ काला किवाड़ तक जाकर वापस देवाली छोर पर रन को पूरा किया। इस दौरान रन में टॉप -3 को मुख्य अतिथि चेतना भाटी सहित हिमानी पटेल, सारिका जैन, पद्मिनी श्रीमाली आदि ने मैडल ओर उपहार देकर सम्मानित किया। दीवास रन -2 में मेवाड़ी रनर्स के दिलीप सोनी, राहुल रांका, नरेंद्र मेनारिया, निधान यादव, मोहित जोशी , मुकेश कुमावत , हरप्रीत सिंह, अनुभव जी, भरत पटेल सहित अन्य सदस्य भी मौजूद रहे।

24 न्यूज अपडेट
देश-दुनिया राज्यों एवं स्थानीय खबरें को देखने के लिए हिन्दी समाचार पत्र एवं न्यूज़ चैनल
ताजा खबरें देखने के लिए
हमारे यूट्यूब चैनल को सबस्क्राइब करें
YouTube
24 NEWS UPDATE
हमारे फेसबुक पेज को फॉलो करें
लिंक पर क्लिक करें और हमारे चैनल को लाइक और सब्सक्राइब करें

24 न्यूज अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।